सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सहसम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष -१ | अंक -१२ | ०३/०६/२०२४ | पृष्ठ -४ | प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

**मधुसूदन शर्मा की कलम से**

### अबकी बार सम्भव नही 400 पार

२०२४ के लोकसभा चुनाव से बीजेपी ४०० पार की उम्मीद लिए बैठी है। अभी तक ४१४ सीटे जितने का रिकार्ड १९८४ में राजिव गाँधी अपने नाम कर चुके है। ये रिकार्ड अभी तक किसी ने नही तोडा। प्रधानमंत्री मोदी ४०० पार के नारे दे रहे पर "अबकी बार ४०० पार" सम्भव नही पर सम्भव है मोदी का प्रधानमंत्री बनना। बीजेपी के इतनी सीटे नही जितने का कारण – इस बार देश में २०१९ की तरह कोई पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन जैसा कोई भावनात्मक मुद्दा नही । तमिल , आन्ध्रा , केरल व तेलंगाना भाजपा की पहुँच से दुर है। इसी तरह महाराष्ट्र , बिहार भी बीजेपी की पकड से दुर नजर आ रहे है। शिवसेना टुट चुकी है। यदि ऐसे हि बात करे झारखण्ड कार्नाटक की तो यहा सरकार विरोधीयो कि है। इन राज्यों में लोकसभा सीटे जितना आसान नही होगा। राहुल की भारत जाडो यात्रा और मल्लीका अर्जुन खरगे का अध्यक्ष होना भी एक कारण होगा।

हालाँकि इन मुद्दो को काउन्टर करने के लिए मोदी के पास राम मन्दिर , त्रिपल तलाक , महिला आरक्षण बिल , नागरिकता संशोधन अधिनियम बिल वाले मुद्दे है । पर भाजपा कुछ मुद्दो जेसे गांगा सफाय , गरीबो को पक्का मकान व समान नागरीक सँहिता में पिछडी है। ४०० पार सम्भव नही पर सरकार मोदी की ही बनेगी। देश को को अगला प्रधानमंत्री मोदी ही मिलेगा।

(अनुमान चाहे कितने ही शोध और पुर्व इतिहास के अनुसार निकाला गया हो पर होता अनुमान ही है यदि ऐसा न होता तो एग्जिट पोल को ही सत्य मान लिया जाता। हमने भी एक अनुमाना ही निकाला जिसकी सत्यता की ग्यारंटी मे भी नही ले सकता हु । अन्तीम और फयनल फैसला मतगणना पर ही निर्भर होगा।

– सम्पादक स्वतंत्र बौद्धिकपत्र मधुसूदन शर्मा )

## केजरीवाल ने तिहाड में किया सरेंडर , कोर्ट ने 5 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा।

अब पता नहीं मेरी साथ क्या होगा – केजरिवाल ।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार (2 जून) की शाम 5 बजे तिहाड़ जेल में सरेंडर किया। इससे पहले वे आम आदमी पार्टी के दफ्तर गए और कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा, मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मुझे नहीं पता कब वापस आऊंगा। वहां मेरे साथ क्या–क्या होगा, मुझे नहीं पता।दिल्ली सीएम ने कहा, 2024 लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल कल सामने आए। लिखकर ले लीजिए, ये सभी एग्जिट पोल फर्जी हैं। एक एग्जिट पोल ने राजस्थान में बीजेपी को 33 सीटें दी थीं, जबकि वहां सिर्फ 25 सीटें हैं। असली मुद्दा यह है कि उन्हें ऐसा क्यों करना पड़ा? उन पर दबाव बनाया गया होगा।वहीं, सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 5 जून तक ईडी की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया।

## केजरीवाल के सामने स्वाति मालीवाल को पीटा गया, फिर भी नही की मदद नही आए बचाने।



आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर अपनी निराशा जाहिर की। मालीवाल ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि केजरीवाल आज तक न तो मुझे फोन किया, न ही मुझसे मिलने आए और न ही उन्होंने मेरी कहीं कोई मदद की। पूरी पार्टी इस समय बिभव कुमार के साथ खड़ी है। ऐसे में मैं बहुत दुखी हूं, क्योंकि हर मुद्दे पर अपनी राय रखने वाले केजरीवाल ने मेरे मुद्दे पर मेरा साथ देना, मेरे लिए स्टैंड लेना या मेरे मुद्दे पर बात करना जरूरी नहीं समझा। उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल की ड्राइंग रूम में उन्हें पीटा गया, लेकिन वो बचाने नहीं आए। बल्कि कोई भी बचाने नहीं आया। मालीवाल ने यह भी कहा कि कोर्ट के बाहर उन्हें गलत तरीके से दोषी ठहराने की कोशिश की गई।

## पीएम की नॉर्थ-ईस्ट में बाढ , हीटवेव व जीत के बाद नई सरकार के 100 दिन का एजेंडे आदि पर चर्चा

प्रधानमंत्री की अहम सात बैठके जीत के बाद १०० दिन के एजेंडे पर भी विशष चार्चा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (2 जून) को अलग–अलग मुद्दों को लेकर सात बैठकें करेंगे। पहली मीटिंग में मोदी ने देश भर में गर्मी और चक्रवात के बाद आई बाढ़ के हालात की समीक्षा बैठक की। साथ ही प्रभावितों की मदद के लिए किए जा रहे प्रयासों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री मोदी सबसे लंबी मीटिंग में नई सरकार के पहले 100 दिनों के एजेंडे पर मंथन करेंगे।शनिवार (1 जून) को लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की वोटिंग खत्म हुई है।4 जून को रिजल्ट जारी होंगे। हालांकि, इससे पहले एग्जिट पोल में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई है। तूफान रेमल के कारण आई तेज बारिश से कारण पूर्वोत्तर राज्यों में आई बाढ़ से पहाड़ दरक गए हैं और जमीन धंस गई है। इससे कारण रेलवे ट्रैक को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान के कारण 3 दर्जन से अधिक लोगों की जान गई है और 2 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। राज्यों के बीच रेल बुरी ?प्रभावित हुआ रेलवे ने दक्षिण असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मिजोरम जाने वाली एक्सप्रेस, पैसेंजर और मालगाड़ी को रद्द किया है। इससे पहले पीएम मोदी ने चक्रवात रेमल के बाद प्राकृतिक आपदाओं के बीच पूर्वोत्तर राज्यों की स्थिति पर दुख व्यक्त किया था

## पुणे पोर्श केस में नाबालिग आरोपी की माँ गिरफ्तार बेटे के बल्ड सैंपल की जगह अपना ब्लड सैंपल देने का आरोप

बच्चे को घटना के वक्त नशे मे दिखाना के लिए सैम्पल बदला गया।

18–19 मई की रात नाबालिग आरोपी ने कार से बाइक सवार युवक–युवती को टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने आरोपी की पिटाई की थी। पुणे पोर्श कार केस में आरोपी की मां को शनिवार (1 जून) को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने इसकी जानकारी दीहै। नाबालिग आरोपी की मां शिवानी अग्रवाल पर अपने बेटे का ब्लड सैंपलबदलवाने के लिए अपना ब्लड सैंपल देने औरडॉक्टरों को पैसे देने का आरोप है। शिवानी अग्रवाल पिछले कुछ दिनों से घर से गायब थीं। देर रात उन्हें अरेस्ट किया गया और आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस ने कोर्ट में बताया था कि नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल किसी महिला के सैंपल से बदला गया था, ताकि ये दिखाया जा सके कि घटना के वक्त वह नशे में नहीं था। यह महिला और कोई नहीं, आरोपी की मां ही थी। वहीं, पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच आज नाबालिग से पूछताछ करेगी।

## आठ राज्यो की 57 सीटो पर 7 वे चरण का मतदान जारी।

७ केन्द्रीय मंत्री ओर ४ एक्टर भी अजमा रहे भाग्य



लोकसभा चुनाव–2024 के सातवें और अंतिम फेज में शनिवार (1 जून) को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोटिंग जारी है।

2019 में इन सीटों में से सबसे ज्यादा भाजपा 25, टीएमसी 9, बीजद 4, जेडीयु और अपना दल (एस) 2–2, जेएमएम महज 1 सीट जीत सकी थी। कांग्रेस काकेवल पंजाब की बदौलत 8 सीटों पर जीत मिली थी। इस फेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, 5 केंद्रीय मंत्री आरके सिंह, अनुराग ठाकुर, अनुप्रिया पटेल, महेंद्र नाथ पांडेय और पंकज चौधरी मैदान में हैं। 4 एक्टर– कंगना रनोट, रवि किशन, पवन सिंह, काजल निषाद भी चुनाव लड़ रहे हैं।

## पीएम मोदी का विवेकानंद रॉक मेमोरलय में 45 घंटे का ध्यान , कन्याकुमारी में अम्मन देवी की पूजा

अम्मन देवी के पुजारीयो ने मोदी को अम्मन की तस्वीर दी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक मेमोरियल के ध्यान मंडपम में 45 घंटे का ध्यान शुरू हो चुका है। वे 1 जून तक ध्यानमग्न रहेंगे। मोदी उसी जगह ध्यान कर रहे हैं, था। लोकसभा चुनाव प्रचार का शोर थमते ही पीएम मोदी गुरुवार (30 मई) की शाम कन्याकुमारी पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले भगवती देवी अम्मन मंदिर में दर्शन–पूजन किया। जहां 1892 में स्वामी विवेकानंद नेध्यान किया पूजा के दौरान मोदी ने सफेद मुंडु (दक्षिण भारत में लुंगी की तरह पहना जाने वाला परिधान) पहना था और शॉल ओढ़े थे।

पुजारियों ने उन्हें विशेष आरती कराई और प्रसाद, शॉल और देवी भगवती अम्मन की फ्रेम में मढ़ी हुई तस्वीर दी। मोदी तिरुवनंतपुरम से कन्याकुमारी हेलिकॉप्टर से पहुंचे थे।

## प्रज्वल रेवन्ना 35 दिन बाद भारत लोटा , बैंगलुरू एयर पोट पर एसआईटी ने गिरफ्तार किया।

एयरपोर्ट से प्रज्वल को सीआईडी ओफिस लाया गया मजिस्ट्रड कोर्ट मे भी पैश होगा




कर्नाटक सेक्स स्कैंडल के मुख्य आरोपी सांसद प्रज्वल रेवन्ना 35 दिन बाद जर्मनी से भारत पहुंच गया है। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंड होने के कुछ देर बाद ही SIT ने उसे कस्टडी में ले लिया। प्रज्वल को यहां से CID ऑफिस लाया गया, जहां उसे रातभर रखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल से सबसे पहले शुक्रवार को पूछताछ की जाएगी। इसके बाद उसका मेडिकल टेस्ट कराया जाएगा। प्रज्वल को मजिस्ट्रेट कोर्ट पेश किया जाएगा। यहां पुलिस उसकी कस्टडीकी मांग करेगी। इसके साथ ही फोरेंसिक टीम उसका ऑडियो सैंपल भी लेगी, जिससे पता लगाया जाएगा कि वायरल सेक्स वीडियो में आ रही आवाज प्रज्वल की है या नहीं। भारत आने से पहले उसकी ओर से सेशंस कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। प्रज्वल के खिलाफ 3 महिलाओं के उत्पीड़न के 3 मामले दर्ज हैं।




# डिजीटल संस्करण
# https://sbpatra.in
# पर उपलब्ध



## आदेश का उल्लंघन करने पर आरोपी को किया गिरफ्तार

नीमच लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष कराने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आरोपी अरुण (37) पिता चंद्रशेखर बांछड़ा निवासी बर्डिया के खिलाफ जिलाबदर का प्रकरण तैयार कर जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया था। 8 अप्रैल को जिला दंडाधिकारी ने अरुण बांछड़ा को 3 माह के लिए मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर मालवा और देवास जिले की सीमा से बाहर जाने का आदेश दिया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि 29 मई को अरुण बांछड़ा अपने घर बर्डिया आने वाला है। इस पर पुलिस ने अरुण को उसके घर से गिरफ्तार कर जिला दंडाधिकारी के आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत केस दर्ज किया।

## सडक किनारे खडे ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने टक्कर मार दी

नीमच भाटखेड़ा फंटे पर बुधवार की दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां खड़े एक ट्रेलर को दूसरे ट्रेलर ने पीछे से टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि निंबाहेड़ा की ओर से लोहे की गर्डर भरकर ट्रेलर मंदसौर की ओर जा रहा था। इसी दौरान भाटखेड़ा फंटे पर सीमेंट से भरा एक ट्रेलर रोड के समीप खड़ा था। जिसमें लोहे की गर्डर लेकर जा रहा ट्रेलर घुस गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर को बाहर निकाला। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ड्राइवर को मामूली चोट आई।

## कलेक्टर श्री जैन ने किया मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

नीमच 30 मई 2024, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैनने गुरूवार को लोकसभा निर्वाचन–2024 के तहत नीमच में स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने कहा, कि बगैर परिचय पत्र के किसी को भी मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाए। कलेक्टर ने अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के लिए स्थापित निगरानी कक्ष का भी निरीक्षण कर जायजा लिया।

एसडीएम मनासा श्री पवन बारिया ने भी गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र मनासा के मतगणना कक्ष के समीप बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

एसडीएम नीमच डॉ.ममता खेडे ने पीजी कॉलेज नीमच में नीमच विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष के समीप बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर , सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीव्ही से निगरानी व्यवस्था का जायजा लिया।

## जन औषधि केंद्र के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

जन औषधि केंद्र के संबंध में विशेष बैठक एसडीएम श्री शिवलाल शाक्य की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय के सभा कक्ष में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। बैठक में एसडीएम श्री शाक्य ने जन औषधि केंद्र एवं उन पर मिलने वाली जेनेरिक दवाओं के बारे में आम नागरिकों को जानकारी देने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्ह्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, औषधि निरीक्षक श्री जय प्रकाश कुमावत एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक के दौरान एसडीएम श्री शाक्य ने जन औषधि केंद्र पर मिलने वाली दवाइयां डब्ल्यूएचओ जीएमजी सर्टिफाइड दवा उत्पादक कंपनियों से ही खरीदी जाती है। जन औषधि केंद्र पर जेनेरिक दवाइयां सस्ती कीमत पर उपलब्ध है। आम नागरिक जन औषधि केंद्र से कम कीमत में दवाई प्राप्त करें एवं जेनेरिक अपना कर दवाइयां का खर्चा कम कर सकते है।

# मायके पक्ष का आरोप - पति व ससुराल वालों ने हत्या कर शव अस्पताल में छोडा

ग्राम बोरखेड़ा में विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार महिला ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया और बेटी की मौत को लेकर शासकीय अस्पताल के सामने हंगामा करते हुए 2 घंटे तक चक्काजाम किया। सूचना मिलते ही एसडीओपी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाइश देकर चक्काजाम समाप्त करवाया। पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंपा और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। इसके बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और अंतिम संस्कार किया।गांव बोरखेड़ा में शुक्रवार को पूजा (22) पति कप्तानसिंह बंजारा की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या करने का आरोप लगाया। पूजा के भाई लवकुश गरासिया ने बताया कि पूजा की शादी 2019 में कप्तानसिंह के साथ हुई थी। कुछ समय से बहन के साथ पति, सास और देवर मारपीट कर रहे थे और दहेज के लिए परेशान करते थे। हमने कुछ दिन पहले मकान बनाने के लिए 1 लाख रुपए भी दिए थे। पूजा ने शुक्रवार को बताया था कि घर में विवाद चल रहा है। पूजा के साथ मारपीट कर उसे गंभीर अवस्था में या मारकर ससुराल वाले अस्पताल में छोड़ गए। हमें सूचना भी नहीं दी। हमारे रिश्तेदार ने पूजा की मौत की खबर दी। हम अस्पताल में आए तो यहां ससुराल वाले नहीं थे। मामा सुभाष बंजारा राईखेड़ा थाना नारायणगढ़ ने बताया कि 2022 में भी पूजा के साथ पति ने मारपीट की थी। हमने पुलिस में शिकायत भी की थी।

मामले की जांच कर रहे हैं 'बोरखेड़ा में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके पक्ष ने पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। डॉक्टरों के पैनल द्वारा पीएम करवाया गया है। मर्ग कायम कर जांच कर रहे हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करेंगे। पूजा के पति को पूछताछ के लिए लाए हैं।– विमलेश उईके, एसडीओपी मनासा (डीबीएप के सौजन्य से )

# ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियांवयन में प्रदेश में नीमच जिला दूसरे स्थान पर रहा



नीमच 29 मई 2024 पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में नीमच जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं का ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया गया है। माह मार्च 2024 की ग्रेडिंग उप सचिव म.प्र.शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल द्वारा 28 मई 2024 को जारी की गई है इस ग्रेडिंग में नीमच जिला संपूर्ण मध्य प्रदेश में दूसरे स्थ्थान पर रहा है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन मे नीमच जिला विगत दो वर्षो से टॉप में बना हुआ है। ग्रेडिंग सिस्टम के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित समस्त योजनाओं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, स्वच्छ भारत मिश्ह्न, पंचायत, सीएम हेल्पलाईन एवं जिला स्तर पर जनपद पंचायत ग्रेडिग के आधार पर माहांत मार्च 2024 की जिलेवार एवं संभागवार प्रगतिका आकलन ग्रेडिंग प्रणाली के माध्ध्यम से किया गया। इसमें निरंतर शासन की योजनाओं की लक्ष्य्यपूर्ति समय सीमा में करने, तथा विभिन्न मापदण्डों के आधार पर प्रत्येक जिले को अंक दिए जाकर रैकिंग का निर्धारण किया जाता है, अंको के आधार पर ओवरऑल नीमच जिले की ग्रेडिंग ।+, 05 में से 4.50 औसत अंक प्राप्ध्त कर प्रदेश में नीमच जिला द्वितीय रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद द्वारा समय समय पर समीक्षा बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का त्वरित निराकरण, निर्धारित लक्ष्यपूर्ति, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यदक्षता हेतु मोटिवेट करना, सभी विभागों के साथ समन्वयक बैठक कर समय–समय पर समीक्षा के परिणाम स्वरुप ही नीमच अपनी रैक को विगत दो वर्षो से अधिक समय से बरकरार रख पाया। उक्त जानकारी श्री अरविंद डामोर एसीईओ जिला पंचायत नीमच द्वारा दी गई ।

## मतगणना की सभी आवश्यक तैयारियां तत्काल पूरी करें-श्री जैन कलेक्टर एवं एस.पी.ने किया मतगणना केंद्र का निरीक्षण



नीमच 29 मई 2024, लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना की सभी आवश्यक तैयारियां तत्काल पूरी कर ली जाए। सभी संबंधित अधिकारी सौंपे गऐ दायित्ध्वों का समय–सीमा में निवर्हन सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने एसपी श्री अंकित जायसवाल एवं अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के साथ बुधवार को नीमच में स्थापित मतगणना केंद्र शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच के परिसर एवं स्ट्रांग रूम परिसर का निरीक्षण कर , सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री जैन ने मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम कक्ष के बाहर स्ट्रांग रूम की स्क्रीन पर निगरानी के लिए अभ्यर्थियों और उनके अभिकर्ताओं के लिए स्थापित किए गए निगरानी कक्ष का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना स्थल पर स्थापित मीडिया सेंटर का भी निरीक्षण कर, मीडिया कक्ष में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होने मीडिया सेंटर में इंटरनेट कनेक्शन, वाईफाई, कम्प्यूटर सेट, फोटोकॉपी एवं टीव्ही स्क्रीन की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, एसडीएम डॉ.ममता खेडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू एवं निर्दलीय उम्मीदवार श्री सुशील जैन व अन्य अभिकर्ता उपस्थित थे।

# व्यक्ति पर तेंदुए का हमला-जान बचाकर भागा ग्रामीण



रामपुरा थाना क्षेत्र के बेसला गांव के पास बुधवार सुबह तेंदुए ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गया। दरअसल, बैसला गांव से सटा हुआ टोला जूनापानी निवासी धन्ना लाल पिता कान्हाजी जब शौच के लिए जा रहे थे, तभी घात लगाकर बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर घायल कर दिया। अचानक हुए हमले में धन्नालाल घबरा गए और उन्होंने अपने आप को तेंदुए से पंजे से छुड़ाया और भागे। धन्नालाल की आवाज सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और तेंदुए को भगाया। इसी दौरान तेंदुआ भी मौके से भाग गया। परिजनों और ग्रामीणों ने घायल धन्नालाल को शासकीय चिकित्सालय रामपुरा पहुंचाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। गौरतलब है कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में तेंदुए ने कई मवेशियों को अपना शिकार बनाया है। वहीं तीन दिन पूर्व समीपस्त ग्राम रावली कुड़ी की सड़कों पर गांधी सागर रोड पर तेंदुआ घूमता दिखाई दिए जाने पर कुछ देर के लिए दो पहिया वाहन चालकों के लिए मार्ग पर आवागमन रोक दिया गया था। राहगीरों को सावधानी बरतने के लिए कहा था। फिर तेंदुए की दस्तक और हमले से इस इलाके में लोगों में दहशत फैल गई है।ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में कई बार वन विभाग के जिम्मेदारियां को अवगत कराया। लेकिन उन्होंने इस और अब तक ध्यान नहीं दिया। उनका कहना है कि वन विभाग संभव तक किसी अनहोनी का इंतजार कर रहा है। इन दिनों दहशत का आलम यह है लोग अकेले जंगल या खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। लोगों का तेंदुए के आतंक के कारण जीना दुशवार हो रहा है।

तेंदुए को तलाश किया जा रहा – फॉरेस्ट विभाग के एसडीओपी ने बताया कि आर पी परमार रामपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति पर तेंदए द्वारा हमला किए जाने की जानकारी मिली है। उसका इलाज करवाया गया है। आज शाम तक तेंदूए को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर प्लान बनाया जाएगा। गांधी सागर वन अभ्यारण से कई बार हमारे वन क्षेत्र में तेंदुआ आ जाता है। मवेशियों को भी शिकार बनाता रहा है। मवेशियों के शिकार पर नियमानुसार मुआवजा समय समय पर दिया जाता रहा है। गांधी सागर वन्य अभ्यारण क्षेत्र की टीम भी इस इलाके में तेंदुए को लेकर तलाश कर रही है।

## संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री खत्री ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनोज खत्री ने राजीव गांधी पीजी कॉलेज मंदसौर में स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया स निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक श्री अनुराग सुजानिया, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, एएसपी श्री सौलंकी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री परमार मौजूद थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री खत्री ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का अवलोकन किया गया। साथ ही उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना टेबल, मतगणना कार्य में लगे अधिकारी/कर्मचारियों के बारे मे जानकारी भी ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री यादव द्वारा मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ताओं और मीडियाकर्मियों के प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था, मीडिया सेंटर, चिकित्ध्सा कक्ष, सहित अन्ध्य व्यवस्थाओं का बारे में विस्तार से जानकारी दी।

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/

समाचार के लिए लोगिंग करें

https://sbpatra.in/

## कलेक्टर कार्यालय पर सीएम का पुतला जलाने का प्रयास



इंदौर में बुधवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर सीएम मोहन यादव का पुतला जलाने की कोशिश की। मौके पर मौजूद पंढरीनाथ थाना पुलिस ने पहले एनएसयूआई कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। विवाद की स्थित बनने पर पुलिस कार्यकर्ताओं को थाने ले गई। दरअसल एनएसयूआई द्वारा कलेक्टर कार्यालय के बाहर सीएम मोहन यादव का पुतला जलाने का मैसेज सोशल मीडिया पर चलाया गया था। मैसेज में कहा गया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में उच्च शिक्षा विभाग में जो छात्र विरोधी आदेश जारी किया है और एडमिशन के समय छात्रों से पूरे साल की फीस एक साथ ली जाएगी इसको लेकर सीएम का पुतला जलाएंगे। इस पर अमन पटवारी और अन्य एनएसयूआई सदस्य सीएम का पुतला जलाने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। पुलिस ने पहले अमन पटवारी को आचार संहिता के बारे में समझाया कि आचार संहिता के चलते यह प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उसके बावजूद भी जब अमन पटवारी नहीं माने तो पुलिस ने अमन पटवारी सहित अन्य चार साथियों को हिरासत में ले लिया और पंढरीनाथ थाना ले जाया गया।

## रतलाम में होटल संचालक ने छुपाई हत्या की जानकारी- पुलिस ने बनाया आरोपी, गिरफ्तार कर भेजा जेल

23 मई की रात भोपाल के हमीदिया हॉस्पिटल की एंबुलेस से ड्रायवर निलेश (32) पिता गुलाबसिंह सिलावट निवासी शारदा नगर नारियल खेडा थाना गौतम नगर भोपाल से एक महिला का शव लेकर रतलाम आया। एंबुलेस में शव के साथ एक व्यक्ति था। जो कि एंबुलेस को पहले रावटी की तरफ लेकर गया। फिर रतलाम सालाखेड़ी की तरफ लेकर आया। एंबुलेंस को इधर–उधर घूमाता रहा।

बाद में शव के साथ आया व्यक्ति सालाखेड़ी के पास एंबुलेंस से गायब हो गया। एंबुलेंस ड्रायवर रात में सालाखेड़ी पुलिस चौकी पहुंचा। वहां घटना की जानकारी दी। शव को रात में ही मेडिकल कॉलेज भेजा गया। थाना औद्योगिक क्षेत्र ने मर्ग कायम किया। इसके बाद पुलिस जांच में जुटी।

रतलाम की होटल में रुके – पुलिस जांच के दौरान मृतिका की पहचान गीता बाई के रूप में हुई। मृतिका का पति आनंद भाटी मृतिका के साथ स्टेशन रोड के अशोका होटल में रुका था। जहां 20 मई की रात मृतिका गीताबाई और उसके पति आनंद का किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। आनंद ने महिला का टेबल पर सिर पटक दिया। सिर में गंभीर चोट आने से वह घायल हो गई। आरोपी आनंद भाटी द्वारा एंबुलेंस बुलाकर पत्नी को बाथरूम में पैर फिसलने से सर में चोट लगना बताकर रतलाम मेडिकल कॉलेज ले जाकर एडमिट कराया। जहां से घायल गीता बाई को इंदौर रेफर किया। इंदौर से भोपाल हमीदिया हॉस्पिटल ले गया। भोपाल में गीता बाई की मौत होने पर आनंद एंबुलेंस से शव लेकर रतलाम आया। रतलाम के सालाखेड़ी में एंबुलेंस में शव छोड़कर भाग गया।

## छिंदवाडा में 8 लोगों की हत्या; जिस भतीजी के साथ रील बनाई, उसका भी गला काटा




छिंदवाड़ा जिला मुख्यालय से 145 किलोमीटर दूर बोदल कछार गांव में सामूहिक नरसंहार हुआ। आदिवासी युवक ने पत्नी, मां–बहन, भाई–भाभी, मासूम भतीजे और दो भतीजियों की हत्या कर दी। सभी के गले कुल्हाड़ी से काट दिए। आरोपी को रील बनाने का शौक था। उसने सबसे ज्यादा रील डेढ़ साल की भतीजी के साथ बनाई थी। उसे भी नहीं बख्शा आरोपी ने हत्याएं क्यों की, फिर सुसाइड क्यों कर लिया, पुलिस यह पता लगा रही है। बोदल कछार गांव जिले की तामिया तहसील में है, थाना माहुलझिर लगता है।

कल्लू सिंह सुइयाम ने बताया, शदिनेश भतीजा था। रात 2 बजे की बात है। हम सभी सो रहे थे। भाभी छोटी बाई चिल्लाईं– पोते (इशू हमले में घायल हुआ है) को भूरे ने कुल्हाड़ी मार दी। हम जागकर उसकी ओर दौड़े, वो कुल्हाड़ी फेंक कर भाग गया।

लाइट नहीं थी। अंधेरे में हम सभी इकट्ठा होकर एक साथ बैठे रहे। कुछ देर बाद देखने के लिए उसके घर गए। आवाज दी, लेकिन कोई नहीं बोला। आगे जाकर देखा तो घर के आंगन में दिनेश की मां और बहन के शव पड़े थे। कुछ आगे उसके भाई–भाभी और उनके बच्चों के शव थे। अंदर कमरे में पत्नी का शव पड़ा था। 100 नंबर लगाकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस को दिनेश जंगल में पेड़ पर लटका मिला। उसने सभी के गले में ही वार किए थे। 21 मई को ही अच्छे से शादी हुई थी। इसके दो–चार दिन बाद दिमाग गड़बड़ हो गया था।बड़ी मां छोटी बाई ने बताया, शदिनेश 2 बजे घर आया और पोते को कुल्हाड़ी मार दी। मैंने उसे गोद में उठाया और बहू – लड़के को चिल्लाया। मेरा एक ही लड़का है। दिनेश सालभर पहले ही होशंगाबाद गया था। वहां मजदूरी करता था। 1 महीने पहले ही बड़े भाई ने उसे शादी कराने के लिए बुला लिया था। आर्थिक परेशानी नहीं थी।

## जल स्रोत संरक्षण व पुनर्जीवन अभियान ५ जून से १६ जून तक चलेगा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार जल स्रोत संरक्षण व पुनर्जीवन अभियान 5 जून से 16 जून तक संचालित होगा। गौरतलब है कि पहले यह अभियान 5 जून से 15 जून तक संचालित होना था। नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त श्री भरत यादव ने अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों से संबंधित विस्तृत कार्ययोजना जारी की है।

श्री यादव ने समस्त नगरीय निकायों को निर्देश जारी किये हैं कि जल स्रोतों के संरक्षण विषय पर आधारित जल सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक निकाय में आयोजित होगा। 8 जून को जल स्रोतों की विशेष साफ–सफाई की जायेगी जिसमें स्थानीय लोगों को श्रमदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। निर्देश में 9 जून को जल स्रोतों के आसपास कलश यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही चित्रकला और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को जल स्रोतों के संरक्षण का महत्व समझाया जाएगा। श्री यादव ने जारी निर्देश में कहा कि अभियान के दौरान पूरे 11 दिन विभिन्न आईईसी गतिविधियां आयोजित की जायेगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं से संबंधित पुरस्कारों का वितरण 16 जून को किया जाएगा। श्री भरत यादव ने समस्त नगरीय निकायों को निर्देश दिए हैं कि इस अभियान को सफल बनाये और की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन प्रतिदिन संचालनालय को भेजना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग इस अभियान के लिए नगरीय क्षेत्रों में नोडल एजेंसी नियुक्त किया है।

## एमपी मुख्यमंत्री यादव ने ५ जुन से शुरू हो रहे नामामि गंगे अभियान से आमजन को जोडने कि की अपील




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में एक बैठक में प्रदेश में 5 जून से प्रारंभ हो रहे नमामि गंगे अभियान की तैयारियों के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नमामि गंगे अभियान से आमजन को जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में जल स्रोतों के जीर्णोद्धार और जल संरक्षण के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यावरण दिवस 5 जून से प्रारंभ हो रहे जल संरक्षण अभियान, जल सम्मेलन आयोजन, जल संरचनाओं के अतिक्रमण हटाने के अभियान और जल स्रोतों को उपयोगी बनाने के कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा और संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने निर्देश दिए कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी सार्वजनिक प्याऊ संचालित हों। पेयजल के कारण कहीं भी समस्या नहीं होना चाहिए। तेज गर्मी से नागरिकों को बचाने के लिए शहर और गांव में आवश्यक शेड और छांव की व्यवस्था की जाए। जहां आवश्यक हो ग्रीन नेट और वाटर स्प्रे के माध्यम से तेज गर्मी से लोगों को राहत दिलवाई जाए। स्थानीय निकाय सक्रिय भूमिका निभायें। बैठक में बताया गया कि जी आई एस सर्वे के आधार पर प्रदेश के नगरीय निकायों में आवश्यक सर्वे का कार्य किया गया है। प्रदेश में झील तथा तालाब संरक्षण की 48 परियोजनाएं स्वीकृत हैं। इंदौर में तलावली चांदा तालाब, खुरई में झील संरक्षण, अशोक नगर में जलाशय के संरक्षण कार्यों की व्यापक सराहना हुई है। प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी नगरीय निकायों द्वारा जलाशयों के संरक्षण और उन्नयन के कार्य लगातार हो रहे हैं। नमामि गंगे अभियान के संबंध में सभी जिलों में आवश्यक निर्देश भेजे गए हैं। जनजागरूकता अभियान के माध्यम से भी गतिविधियों का सक्रिय रूप से संचालन किया जाएगा।

## पुलिस निरीक्षक मजोका सेवा से बर्खास्त , मुख्यमंत्री दिए पुलिस की श्रेष्ठ छवि बनाने के निर्देश



मध्यप्रदेश पुलिस में अपराध अनुसंधान विभाग में पदस्थ निरीक्षक श्री सुशील मजोका को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया है। श्री मजोका को नर्सिंग कॉलेजों की अनियमितताओं से जुड़े प्रकरणों में जांच का दायित्व सौंपा गया था। श्री मजोका के विरूद्ध सीबीआई/ एसीबी नई दिल्ली में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। इसके पश्चात उन्हें सीबीआईएसीबी से असंबद्ध कर सेवाएं वापस कर दी गई थीं।श्री मजोका द्वारा रिश्वत की मांग की गई थी और उनके कक्ष से दो लाख रुपए की नगद राशि भी जब्त हुई थी। भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होने पर विवेचना के बाद उन्हें 22 मई को निलंबित कर दिया गया था। उन्हें पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समय–समय पर मध्यप्रदेश पुलिस की छवि श्रेष्ठ रखने और नैतिक मापदंडों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में अपराध अनुसंधान विभाग ने तथ्यों के आधार पर श्री मजोका के विरूद्ध संविधान की धारा 311 की उप धारा 2ब के अंतर्गत उनकी सेवाएं जारी रखना जनहित की दृष्टि से उचित नहीं पाया। श्री मजोका को 28 मई 2024 को तत्काल प्रभाव से सेवा से पदच्युत कर दिया गया

## प्रदेश मे सभी मॉंस-मछली अवैध विक्रय पर तीसरे दिन भी हुई कार्यवाही



मांस–मछली बेचने और स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वाले मांस–मछली विक्रेताओं के विरुद्ध रोजाना मौंके पर ही कार्रवाहियाँ की जा रही है। तीसरे दिन मंगलवार को प्रदेश के 16 नगर निगमों, 99 नगर पालिकाओं और 298 नगर परिषदों सहित सभी 413 नगरीय निकायों में कुल 111 विक्रय केन्द्रों पर कार्रवाई की गई। नगरीय निकायों द्वारा संबंधितों पर कार्रवाई कर 41 हजार 350 रूपये का अर्थदंड भी वसूला गया। सर्वाधिक 23 हजार 500 रुपए का अर्थदंड भोपाल संभाग के नगरीय निकायों द्वारा वसूला गया। नगर निगमभोपाल द्वारा नगर निगम की परिधि में नियम विरुद्ध संचालितकी जा रही मांस–मछली विक्रय की दुकानों पर सघन कार्यवाही की जा रही है। भोपाल शहर के अलग–अलग क्षेत्रों 63 दुकनों पर अर्थदण्ड की कार्यवाही की गयी। इसी तरह नगर निगम, इंदौर के निगरानी दल द्वारा भी नियमित रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है तथा मांस–मछली खुले में न बिकें, इस नियम का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। मंगलवार को नियम विरुद्ध संचालित दुकानों से खण्डवा में 7 किलो और सागर में 20 किलो मांस जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य सभी संभागों में भी बड़े पैमाने पर मांस–मछली के अवैध विक्रय पर विधिनुरूप कार्रवाईयाँ की गईं। उल्लेखनीय है कि प्रमुख सचिवय, नगरीय विकास एवं आवास विभाग श्री नीरज मण्डलोई तथा विभागीय आयुक्त श्री भरत यादव के निर्देश पर मांस–मछली के अवैध विक्रय एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रोजाना की प्रगति की जानकारी सभी नगरीय निकायों द्वारा गूगल शीट में अद्यतन की जा रही है।

# सनकी तानाशाह किंग जोन उन गुब्बारों के साथ साउत कोरिया कचरा भेज रहे 24 घण्टे मे 150 बैलुन पहुँचे

इस घटना से साउत कोरिया की कई सडको पर कचरा इकट्टा हो गया साउत कोरिया की एजेंसिया इसकी जाँच मे लगी है।




नॉर्थ कोरिया अपने पड़ोसी देश साउथ कोरिया में बैलून के सहारे कचरे के बैग भेज रहा है। साउथ कोरिया की मिलिट्री ने इस बात की पुष्टि की है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, मंगलवार रात को नॉर्थ कोरिया से पहली बार बैलून पहुंचने शुरू हुए थे। इसके बाद बुधवार सुबह यहां 150 गुब्बारे देखे गए। साउथ कोरिया के जॉइंट चीफऑफ स्टाफ ने इसकी तस्वीरें भी जारी की हैं। इसमें 2 बड़े गुब्बारों को रस्सी से बांधा गया है। इस रस्सी में एक प्लास्टिक बैग भी बंधा है, जिसमें कचरा भरा हुआ है। इससे साउथ कोरिया की कई सड़कों पर कूड़ा इकट्ठा हो गया है। साउथ कोरिया की सरकारी एजेंसिया इसकी जांच कर रही हैं। साउथ कोरिया बोला– देश में कुछ भी गलत हुआ तो नॉर्थ कोरिया जिम्मेदार होगा ने कहा कि ऐसा करके नॉर्थ कोरिया अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहा है। साथ ही यह हमारे देश के नागरिकों की जान के लिए भी खतरा है। श्रबै ने कहा कि वे नॉर्थ कोरिया अपनी हरकत रोकने की चेतावनी देते है। अगर इसकी वजह से साउथ कोरिया को कोई भी नुकसान हुआ, तो इसके लिए वही जिम्मेदार होंगे। इसके अलावा साउथ कोरिया की क्षेत्रीय सरकारों ने उत्तरी प्रांतों में रह रहे नागरिकों के लिए अलर्ट जारी किया है। उन्हें किसी भी संदिग्ध सामान से दूर रहने की सलाह दी गई है। नॉर्थ कोरिया के स्टेट मीडिया ज्ञब्छ। के मुताबिक, तानाशाह किम जोंग ने यह कदम इसलिए उठाया, क्योंकि साउथ कोरिया अकसर अपने प्रोपैगेंडा से जुड़े पर्चे नॉर्थ कोरिया पहुंचाता रहता है।

# अमेरिका नही मानता इलराइल ने राफा पर कब्जा किया , व्हाइटट हाउस बोला हथियार देते रहेगे।

अमेरिका के अनुसार इजराईल ने एक ऑपरेशन लाँन्च किया है , पुरे राफा पर कब्जा नही कहा जा सकता।



अमेरिका ने बुधवार (29 मई) को ये मानने से इनकार कर दिया कि इजराइली सेना ने राफा को कब्जे में लेने के लिए बड़े स्तर पर ऑपरेशन लॉन्च किया है। BBC के मुताबिक, व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका को नहीं लगता कि इजराइल ने पूरे राफा पर कब्जा कर लिया है। जबकि, इजराइली सेना 7 मई को टैंकों के साथ राफा में कब्जे के इरादे से घुस गई थी। अब वे राफा के सेंटर तक पहुंच गए हैं और उन्होंने मिस्र के बॉर्डर पर भी कब्जा कर लिया है। वहीं, रविवार को इजराइली सेना के हमले में राफा के रिफ्यूजी कैंप में रह रहे 45 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक महीने पहले इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर इजराइल राफा के राहत शिवरों या ज्यादा जनसंख्या वाले इलाकों पर हमला करता है तो वे इजराइल को हथियार देना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा था कि इजराइल राफा में घुसपैठ को लेकर अमेरिका की खींची लकीर का न लांघे।

# https://sbpatra.in/

## समाचार के लिए लोंगिन करे।

# नेतन्याहु ने स्वीकारा इजराइल हमले मे फिलिस्तीनियो की मौत बडी गलती ।

पर फिलहाल जंग खत्म करने पर कोई स्टेटमेट नही दिया।



फिलिस्तीनियों की मौत को गलत बताया है। रविवार को इजराइली संसद नीसेट में भाषण देते हुए नेतन्याहू ने कहा, शनिर्दोष लोगों को चोट न पहुंचाने की हमारी कोशिशों के बावजूद कलरात हमसे बड़ी गलती हुई दरअसल, शनिवार को इजराइली सेना ने गाजा के राफा में स्ट्राइक की थी। इसमें 45 फिलिस्तीनियों की मौत हुई और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। इजराइली सेना ने ये स्ट्राइक एक कैंप पर की थी। इसमें गाजा के बेघर लोग रह रहे थे। स्ट्राइक के बाद लोगों की जली हुई लाशें निकाली जा रही हैं। जब तक मकसद पूरा नहीं होगा जंग नहीं रुकेगी – गलती मानने के बावजूद नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका मकसद पूरा नहीं हो जाता है तब तक जंग नहीं रुकेगी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र संघ के चीफ एंटोनियो गुटरेस ने इजराइल से तुरंत हमले रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि गाजा में कोई ऐसी जगह नहीं बची है जिसे सुरक्षित कहा जा सके

# टाइटैनिक के मलबे को देखने जाएगी एक ओर पनडुब्बी बारहा हाजार फीट की गहराई मे उतरेगी ट्रईटन सबमरीन

पिछले साल १८ जून को टाइटन सबमरीन अटलांटिक महासागर में १२ हजार फीट नीचे गई थी। इसके ठीक बाद यह लापता हो गई थी।



टाइटैनिक जहाज का मलबा दिखाने गई टाइटन पनडुब्बी के समुद्र में फटने के 11 महीने बाद, अब अमेरिका के एक और अरबपति ऐसा करने जा रहे हैं। अमेरिका के रियल एस्टेट अरबपति लैरी कॉनर ट्राइटन सबमरीन के को–फाउंडर पैट्रिक लाहे के साथ इस यात्रा पर जाएंगे। इसके लिए कॉनर ने ट्राइटन 4000/2 एक्सप्लोरर नाम के एक सबमर्सिबल वेसेल डिजाइन की है।इसकी कीमत 166 करोड़ रुपए है। यह समुद्र में 4 हजार मीटर की गहराई तक जा सकती है, जिसे देखते हुए इसका नाम 4000 रखा गया है। ट्राइटन पनडुब्बी अपनी यात्रा पर कब जाएगी, इसकी तारीख फिलहाल सामने नहीं आई है। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए इंटरव्यू में लैरी ने कहा, ष्वे दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि समुद्र ताकतवर होने के साथ कितना बेहतरीन भी है। अगर आप सही कदम उठाएंगे तो एक यात्रा जीवन को लेकर आपका नजरिया बदल सकती है।टाइटन में विस्फोट के बाद नई पनडुब्बी बनाने का फैसला किया ट्राइटन पनडुब्बी के को–फाउंडर पैट्रिक ने को दिए इंटरव्यू में कहा, पिछले साल जब टाइटन पनडुब्बी में विस्फोट हुआ था तब कॉनर ने मुझे फोन करके कहा था कि हमें एक नई पनडुब्बी बनानी होगी। यह यात्रियों को टाइटैनिक के मलबे तक सुरक्षित ले जाने में सक्षम होनी चाहिए। हमें यह साबित करना होगा की टाइटन की पनडुब्बी में खामी थी, लेकिन असल में यह यात्रा उतनी खतरनाक नहीं है। पिछले साल 18 जून को टाइटन सबमरीन अटलांटिक महासागर में 12 हजार फीट नीचे गई थी। इसके ठीक बाद यह लापता हो गई थी। इससे पहले 4 दिन की मशक्कत के बाद 22 जून को इसका मलबा टाइटैनिक जहाज से 1600 मीटर दूर मिला था। इसमें 4 टूरिस्ट और एक पायलट सवार था।

# बांग्लादेशी सांसद हत्या कांड मे अहम सुरग , पुलिस को एक फ्लैट मे साढे तीन किला कटा माँस व बाल मिले

मौत की जांच के लिए बांग्लादेश डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की एक टीम कोलकाता पहुंची



बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के मर्डर मामले में जांच टीम को मंगलवार को अहम सुराग मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स ने पुलिस के हवाले से बताया कि कोलकाता के एक फ्लैट के सेप्टिक टैंक से साढ़े तीन किलो का कटा मांस और बाल बरामद किया गया है। इसी फ्लैट में अजीम अनार ठहरे हुए थे। बंगाल और बांग्लादेश जासूस विभाग की टीम ने फ्लैट की दोबारा जांच की है। पकड़े गए आरोपियों ने कबूला था कि इसी फ्लैट पर सांसद की हत्या की गई थी और शव के टुकड़े कर ठिकाने लगाया गया था। अनवारुल 12 मई को इलाज के लिए कोलकाता आए थे। अगले दिन ही वे लापता हो गए। इसके 10 दिन बाद पुलिस ने खुलासा किया कि उनकी हत्या हो चुकी है। मामले में अब तक कुल 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इनमें से 3 आरोपियों को ढाका पुलिस ने गिरफ्तार किया। वहीं, एक आरोपी जिहाद हवलदार को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया। बांग्लादेशी डिटेक्टिव टीम और बंगाल साथ में जांच कर रही – सांसद की मौत की जांच के लिए बांग्लादेश डिटेक्टिव डिपार्टमेंट की एक टीम कोलकाता पहुंची हैं। उनके हारुनन राशिद चीफ भी जांच के लिए भारत आए हैं। उन्होंने इसे नृशंस और बर्बर हत्या बताया है। कोलकाता में बंगाल ब्प्क की मदद से सबूत जुटाए जा रहे हैं। अभी तक सांसद का शव बरामद नहीं किया जा सका है। टीम ने फ्लैट की सीवेज लाइन को पूरा तोड़ा है, ताकि वहां से सबूत जुटाए जा सकें।

# पाक पुर्व पीएम नबाज का खुलासा पाकिस्तान ने मेरे ओर अटल बिहारी वाजपेय के बीच हुए समझौतो को तोडा

नवाज ने कहा की पाकिस्तान ने १९९९ के समझोते को तौडा है गलती हमारी।



शरीफ ने अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज की मीटिंग में कहा कि 28 मई 1998 में पाकिस्तान ने 5 परमाणु परीक्षण किए थे। इसके बाद वाजपेयी साहब पाकिस्तान आए थे और हमने एक समझौता किया था, लेकिन इसका उल्लंघन किया गया। ये हमारी गलती थी। शरीफ और वाजपेयी ने 21 फरवरी 1999 को लाहौर डिक्लेरेशन (लाहौर समझौते) पर साइन किए थे। इस एग्रीमेंट में भारत और पाकिस्तान शांति और स्थायित्व की बात कही गई थी। समझौते को बड़ा कदम माना गया था। इसके कुछ महीनों बाद ही पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर के कारगिल में घुसपैठ की, जिससे कारगिल जंग हुई।लाहौर समझौते में क्या था यह दो पड़ोसिया के बीच एक शांति समझौता है, जिसमें शांति और सुरक्षा बनाए रखने और दोनों देशों के बीच पीपल–टु–पीपल कॉन्टैक्ट को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया था। हालांकि, शरीफ के मुताबिक, पाकिस्तान ने कुछ ही समय बाद कारगिल में घुसपैठ कर इसका उल्लंघन किया था। पाकिस्तानी सेना की इसी घुसपैठ की वजह से कारगिल जंग हुई थी। कारगिल युद्ध के समय शरीफ प्रधानमंत्री थे, मुशर्रफ आर्मी चीफ पाकिस्तान के तब आर्मी चीफ रहे परवेज मुशर्रफ ने अपनी सेना को खुफिया तरीके से मार्च 1999 में जम्मू कश्मीर के कारगिल जिले में घुसपैठ का आदेश दिया था। भारत को जब इस घुसपैठ का पता चला तो बड़े पैमाने पर युद्ध छिड़ गया। नवाज शरीफ के प्रधानमंत्री रहते भारत ने युद्ध जीत लिया था।

स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीया अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है । - सम्पादक मधुसूदन शर्मा